# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 17.12.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ",दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, आज, ज्ञानशिखा टाइम्स, न्यायाधीश, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

## दैनिक जागरण–दि0 17.12.2024

# अब 18 मीटर चौड़ा होगा रथयात्रा गुरुबाग मार्ग, लोगों को होगी राहत

### वीडीए उपाध्यक्ष ने मौके पर अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

जागरण संवाददाता, वाराणसी : रथयात्रा चौराहे पर महमूरगंज, सिगरा और कमच्छा की तरफ से आने वाली तीनों सड़कें बहुत पहले ही 18 मीटर चौड़ी हो चुकी हैं। तीनों तरफ से आने वाले वाहन जब रथयात्रा चौराहे से गुरुबाग की तरफ बढ़ते हैं तो सड़क 10 से 12 मीटर चौड़ी रह जाती है। आगे गुरुबाग के पास तो यह और भी सकरा हो जाता है। करीब 700 मीटर मार्ग बाटल नेक के रूप में है। इससे आए दिन जाम लगता है। इसी को देखते हुए विकास प्राधिकरण ने सड़क को 18 मीटर चौड़ा करने की परियोजना बनाई है।

रथयात्रा से गुरुबाग का रास्ता सीधे श्री काशी विश्वनाथ धाम और दशाश्वमेध घाट तक को जाता है। इसी रास्ते अन्य पुरानी काशी के जंगमबाड़ी, मदनपुरा, सोनारपुरा, रेवड़ी तालाब आदि मोहल्लों को जाता है।

इन स्थानों पर कैंट स्टेशन से जाने वाले लोग भी सर्वाधिक इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। ऐसे में प्रतिदिन हजारों लोगों के आवागमन की वजह से इस मार्ग पर दिन भर जाम लगा रहता है। वन वे ट्रैफिक के बाद भी राहत नहीं मिल रही है। इसी को देखते हुए रास्ते को चौड़ा करने का निर्णय लिया गया है।



रथयात्रा-गुरुबाग मार्ग पर निरीक्षण करते वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग • प्रतिकृत्य

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग सोमवार को स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने पैदल ही रथयात्रा से गुरुबाग तक निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिया। कहा सड़क के मध्य से दोनों तरफ नौ-नौ मीटर भूमि ली जाएगी। जोनल अधिकारी को निर्देश दिया कि दोनों तरफ नौ-नौ मीटर की जद में आने वाले प्रभावित क्षेत्र में अवैध निर्माण, कब्जे को चिह्नित किया जाए। उन्हें हटाने के लिए विधिक कार्यवाही शुरू की जाए।

निश्चित रूप से इस मार्ग के चौड़ीकरण से यातायात सुगम होगा और लोग आसानी से आगे जा सकेंगे। निरीक्षण में जोनल अधिकारी, अवर अभियंता, योजना सलाहकार, वीडीए के अवाप्ति अनुभाग के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## दैनिक जागरण–दि0 17.12.2024

# वरुणा किनारे ग्रीन बेल्ट में निर्माण ध्वस्त

- बार-बार नोटिस के बावजूद भवन स्वामी कर रहा था निर्माण
- वीडीए की कार्रवाई से क्षेत्र में कई निर्माण बंदकर लोग हुए फरार

जागरण संवाददाता, वाराणसी : अवैध निर्माण को लेकर विकास प्राधिकरण प्रतिदिन कोई न कोई कार्रवाई कर रहा है। भवन सील करने और ध्वस्त करने के क्रम में सोमवार को वीडीए की टीम ने वरुणा किनारे ग्रीन बेल्ट में बन रहे निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1 की प्रवर्तन टीम दोपहर में सिकरौल वार्ड में वरुणा नदी के किनारे रजा कालोनी में अतुल रहमान उर्फ भोला का भवन निर्माण चल रहा था। इस निर्माण के विरुद्ध प्राधिकरण ने पहले नोटिस जारी किया गया था। निर्माणकर्ता को सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिया गया।

इसके बावजूद शिकायतकर्ता सुनवाई की तिथि पर उपस्थित नहीं हुआ। नोटिस का जवाब भी नहीं दिया। ग्रीन बेल्ट में निर्माण जारी रखा। इस कारण मौके पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियन्ता विनोद कुमार, प्रिया अग्रहरि, प्रवर्तन दल व पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। वहां करीब 45 फीट चौड़ा और दो मंजिले निर्माण को ध्वस्त कर दिया। उपाध्यक्ष ने चेतावनी दी कि कहीं भी अवैध निर्माण न करें। नियमानुसार अनुमति लेकर ही निर्माण करें नहीं तो कार्रवाई की जाएगी।



वरुणा के किनारे ग्रीन बेल्ट में ध्वस्त किया गया निर्माण : वीडीए

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## अमर उजाला–दि0 17.12.2024

# 18 मीटर चौड़ा होगा रथयात्रा-गुरुबाग मार्ग, 50 हजार लोगों को होगा फायदा

### अभी 10 मीटर है सड़क की चौड़ाई, इसी रोड पर बनना है रोपवे का स्टेशन भी

माई सिटी रिपोर्टर

वाराणसी। रथयात्रा से गुरुबाग मार्ग के विस्तारीकरण कार्य का निरीक्षण सोमवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने किया। उन्होंने रथयात्रा-गुरुबाग मार्ग को 18 मीटर चौड़ा करने को कहा। अभी इस रोड की चौड़ाई करीब 10 मीटर है। इस रोड के चौड़ा हो जाने से करीब 50 हजार लोगों को फायदा होगा। यह सड़क करीब तीन महीने पहले प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान बनाई गई थी।

वीडीए उपाध्यक्ष जोनल अधिकारी को निर्देशित किया कि सड़क के मध्य से नौ मीटर दाईं और नौ मीटर बाईं तरफ सड़क एक बराबर होनी चाहिए। इस बीच में पड़ने वाले अवैध निर्माण और कब्जे को चिह्नित कर उसे हटवाने के लिए कानूनी कार्रवाई करें।

यह काम पूरा होने के बाद आम जनता को काफी राहत मिलेगी। अति सघन यातायात वाले क्षेत्र में अधिक चौड़ी सड़क का लाभ मिलेगा। जिससे यातायात सुगम होगा। लंका-बीएचयू की दूरी जल्दी तय होगी। क्षेत्र के प्रदूषण इत्यादि के स्तर में भी कमी आएगी। अवैध अतिक्रमण हटवाने के लिए पुलिस प्रशासन और नगर निगम की मदद ली जाएगी। पहले चरण में अवैध निर्माणों और अतिक्रमणों को चिह्नित किया जाएगा। इसके बाद उन्हें हटाने का मौका दिया जाएगा। इसके बाद भी जो लोग अतिक्रमण नहीं हटवाएंगे उनके अवैध निर्माण को तोड़ा जाएगा। यहां पर रोपवे का स्टेशन भी है। जिससे यातायात का दबाव बढ़ेगा। इसे देखते हुए चौड़ीकरण की कवायद की जा रही है। कैंट से लंका मार्ग के बीच में पड़ने वाले इस इलाके में अक्सर जाम की समस्या रहती है।

### उद्यान पार्क में बनेगा नटराज और भारतरत्न की शहनाई का स्कल्पचर

वाराणसी। बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में नटराज और भारतरत्न शहनाई के जादूगर उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की शहनाई का स्कल्पचर फातमान के उद्यान पार्क में दिखेगा। यहां उद्यान पार्क को संगीत पार्क के रूप में वीडीए विकसित करेगा। यह निर्देश सोमवार को निरीक्षण के दौरान वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मातहतों को दिए।

वीडीए की ओर से शहर के पार्कों का सुंदरीकरण कराया जा रहा है। इस योजना के तहत वीडीए उपाध्यक्ष ने किए जा रहे कार्यों को गुणवत्तापूर्वक समय से पूरा कराने कराने के निर्देश दिए। वीडीए की ओर से वाराणसी के कलाकारों को समर्पित एक स्थान फातमान के पास विकसित किया जा रहा है। इसके जरिये वाराणसी की कलात्मक उपलब्धियों को दर्शाया जाएगा।

यूनेस्को सिटी ऑफ म्यूजिक घोषित हुए वाराणसी ने उस्ताद बिस्मिल्लाह खां जैसे कलाकार विश्व को दिए हैं। इनकी स्मृति में शहनाई का विशाल स्कल्पचर फातमान रोड पार्क में लगाया जाना प्रस्तावित है। साथ ही पार्क में



उद्यान पार्क में बनने वाले स्कल्पचर का डिजाइन। स्रोत-वीडीए

वाराणसी के विभिन्न कलाकारों के विषय में सूचना साइनेज लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त पार्क में लोगों के मनोरंजन के लिए ऐसे सेल्फी पाइंट का निर्माण किया जाएगा। इसमें ऐसा प्रतीत होगा कि वह मंच पर वाद्य यंत्र के साथ बैठे हैं। पार्क में भारत के 8 प्रमुख शास्त्रीय नृत्य के स्कल्पचर भगवान नटराज की मूर्ति के साथ स्थापित किए जाएंगे। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान–दि0 17.12.2024



# फातमान रोड पर विकास प्राधिकरण बनाएगा संगीत पार्क

वाराणसी। वीडीए फातमान रोड स्थित पार्क को संगीत पार्क के रूप में विकसित करेगा। सोमवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने पार्क का निरीक्षण कर प्रोजेक्ट को शुरू करने का निर्देश दिया। पार्क में वाराणसी के कलाकारों को समर्पित एक स्थान का विकास किया जा रहा है। जिसके माध्यम से वाराणसी की कलात्मक उपलब्धियों को दर्शाया जाएगा। यूनेस्को सिटी ऑफ म्यूजिक घोषित बनारस के भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान की स्मृति में शहनाई की विशाल कलाकृति लगाई जाएगी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## हिन्दुस्तान—दि0 17.12.2024

### वरुणा किनारे रजा कॉलोनी में अवैध निर्माण तोड़ा

वाराणसी। वीडीए प्रशासन ने सोमवार को वरुणा किनारे अवैध निर्माणों पर कार्यवाही की। रजा कॉलोनी में अवैध रूप से लगभग 20 गुणे 50 वर्गफीट में हो रहे निर्माण को गिरवाया गया। वीडीए के अधिकारियों का कहना है कि भवन स्वामी को उप्र नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धाराओं के अंतर्गत नोटिस दी गई थी।

## हिन्दुस्तान—दि0 17.12.2024

### गुरुबाग मार्ग पर तत्काल शुरू कराएं चौड़ीकरण

वाराणसी। रथयात्रा-गुरुबाग मार्ग के चौड़ीकरण का सोमवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने निरीक्षण किया। रथयात्रा-गुरुबाग पर वीडीए 18 मीटर मार्ग का चौड़ीकरण करा रहा है। इस कारण सड़क के बीच से 9 मीटर के अंतर्गत आने वाले निर्माण को चिन्हित करते हुए हटाने का निर्देश दिया गया। उपाध्यक्ष ने जोनल अधिकारी को यह कार्यवाही जल्द शुरू कराने को कहा।

## आज—दि0 17.12.2024

### 'संगीत पार्क' होगा फातमान रोडका उद्यान

विकास प्राधिकरण फातमान रोड पर पार्क को संगीत पार्क के रूप में विकसित करने की योजना बना रहा है। इसी के चलते सौन्दर्यीकरण को लेकर विप्रा उपाध्यक्ष ने सोमवार को गंभीरता पूर्व विचार विमर्श किया। इस पार्क को फिलहाल यूनेस्को सिटी आफ म्यूजिक घोषित करते हुए वाराणसी ने बिस्मिल्लाह खां जैसे कलाकारों को उनकी कला से अवगत कराया। इस विषय में तैयार हो रहे पार्क में उसका विवरण दर्शाया जायेगा। कलाकारों के




संगीत पार्क के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न विषयों पर उपाध्यक्ष ने विशेषज्ञों से विचार विमर्श किया और परियोजना को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। इस स्थल के माध्यम से वाराणसी के कलाकारों को एक मंच मिलेगा जहां पर अपनी कलात्मक उपलब्धियों को दर्शा सकते है। विषय में यह इंफारमेंशन सूचना साइनेज और पट्ट लगाये जायेंगे। पार्क में मनोरंजन के लिए सैल्फी पॉइंट, वाद्य यंत्र इसके अतिरिक्त आठ प्रमुख शास्त्रीय नृत्य के तर्ज पर भगवान नटराज की मूर्ति भी स्थापित होगी। निरीक्षक के दौरान उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, परियोजना वास्तुविद अभियंता और क्षेत्रीय जोनल अधिकारी मौजूद थे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 17.12.2024

### अपर सचिव के नेतृत्व में वाराणसी विकास प्राधिकरण, की प्रवर्तन टीम द्वारा वरुणा नदी के किनारे अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

वाराणसी। वार्ड–सिकरौल, वरूणा नदी के किनारे अतुल रहमान उर्फ भोला द्वारा लगभग भवन संख्या 8/14 के सामने रजा कॉलोनी में अनधिकृत रूप से लगभग 20×50 वर्ग फीट में निर्माण कार्य किया जा रहा था, जिसके विरुद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की सुसंगत



धाराओं के अंतर्गत नोटिस की कार्यवाही करते हुए निर्माणकर्ता को सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिए जाने के पश्चात् भी शिकायतकर्ता द्वारा सुनवाई की तिथि को उपस्थित न होने के कारण ग्रीन बेल्ट के अंतर्गत किये गये निर्माण को आज दिनांक 16/12/2024 को उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की धारा 27(1) के अंतर्गत ध्वस्त किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश, अवर अभियन्ता विनोद कुमार, प्रिया अग्रहरी, प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले–आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 17.12.2024

### संगीत पार्क के रूप में विकसित होगा फातमान रोड स्थित उद्यान पार्क

वाराणसी। वीडीए द्वारा वाराणसी शहर में विभिन्न पार्कों के उच्चीकरण एवं सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। प्रस्तावित परियोजना के अंतर्गत फातमान रोड स्थित वाराणसी विकास प्राधिकरण के उद्यान/पार्क को संगीत पार्क के रूप में सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। वीडीए उपाध्यक्ष द्वारा सोमवार को इस पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष द्वारा



परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों को गुणवत्तापूर्वक समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने हेतु निर्देश प्रदान किए गए।फातमान रोड पर स्थित पार्क में वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा वाराणसी के कलाकारों को समर्पित एक स्थान का विकास किया जा रहा है जिसके माध्यम से वाराणसी की कलात्मक उपलब्धियों को दर्शाया जाएगा। ज्ञातव्य है कि यूनेस्को सिटी ऑफ म्यूजिक घोषित हुए वाराणसी ने उस्ताद बिस्मिल्लाह खान जैसे कलाकार विश्व को दिए हैं जिनकी स्मृति में शहनाई का विशाल स्कल्पचर फातमान रोड पार्क में लगाया जाना प्रस्तावित है, साथ ही पार्क में वाराणसी के विभिन्न कलाकारों के विषय में सूचना एवं पट्ट लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त संगीत पार्क में लोगों के मनोरंजन हेतु एक ऐसे सेल्फी पाइंट का निर्माण किया जाएगा जिसमें ऐसा प्रतीत होगा कि वह मंच पर वाद्य यंत्र के साथ बैठे हैं। संगीत पार्क में भारत के 8 प्रमुख शास्त्रीय नृत्य के स्कल्पचर भगवान नटराज की मूर्ति के साथ स्थापित किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान वीडीए उपाध्यक्ष के अतिरिक्त परियोजना वास्तुविद एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

न्यायाधीश–दि0 17.12.2024

## उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा रथयात्रा- गुरुबाग मार्ग के विस्तारीकरण के कार्य का किया गया स्थलीय निरीक्षण



वाराणसी ।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा 16.दिसम्बर को रथयात्रा- गुरुबाग मार्ग के विस्तारीकरण के कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष द्वारा रथयात्रा- गुरुबाग 18 मीटर मार्ग के विस्तारीकरण में सड़क के मध्य से 09 मीटर के अंतर्गत आने वाले तथा सड़क विस्तार से प्रभावित क्षेत्र में ड़अवैध निर्माण / कब्जे को चिन्हित करते हुये उसे हटाने हेतु विधिक कार्यवाही करने हेतु ज़ोनल अधिकारी को निर्देश प्रदान किए गए। संदर्भित कार्य के पूर्ण होने से आम जनमानस को इस अति सघन यातायात वाले क्षेत्र में अधिक चौड़ी सड़क का लाभ मिलेगा जिससे यातायात सुगम होगा और लंका बीएचयू की ओर जाने वाले यातायात तीव्र गति से आवागमन होगा तथा क्षेत्र के प्रदूषण इत्यादि के स्तर में भी कमी आयेगी। स्थल निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष महोदय के अतिरिक्त ज़ोनल अधिकारी, अवर अभियंता, योजना सलाहकार, वीडीए के अवाप्ति अनुभाग के कर्मचारी एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

न्यायाधीश–दि0 17.12.2024

## वाविप्रा जोन-1 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी



वाराणसी ।उपाध्यक्ष वाविप्रा के निर्देशानुसार में 16 दिसम्बर को वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी जोन-1 की प्रवर्तन टीम द्वारा वरुणा नदी के किनारे अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।वार्ड- सिकरौल, वरूणा नदी के किनारे अतुल रहमान उर्फ़ भोला द्वारा लगभग भवन संख्या 8/14 के सामने रजा कॉलोनी में अनधिकृत रूप से लगभग 2050 वर्ग फीट में निर्माण कार्य किया जा रहा था, जिसके विरुद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत नोटिस की कार्यवाही करते हुए निर्माणकर्ता को सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिए जाने के पश्चात भी शिकायतकर्ता द्वारा सुनवाई की तिथि को उपस्थित न होने के कारण ग्रीन बेल्ट के अंतर्गत किये गये निर्माण को आज दिनांक 16/12/2024 को उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की धारा 27(1) के अंतर्गत ध्वस्त किया गया ।मौके पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जयप्रकाश , अवर अभियन्ता विनोद कुमार, प्रिया अग्रहरी, प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## न्यायाधीश–दि0 17.12.2024

### वीडीए कर रहा है फातमान रोड स्थित उद्यान पार्क को संगीत पार्क के रूप में विकसित

उपाध्यक्ष ने उद्यानीकरण सौंदर्यीकरण के कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर दिये निर्देश




वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा 16.12.2024 को वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी द्वारा वाराणसी शहर में विभिन्न पार्कों के उद्यानीकरण व सौंदर्यीकरण कार्य हेतु प्रस्तावित परियोजना के अंतर्गत 'फातमान रोड स्थित वाराणसी विकास प्राधिकरण के उद्यान व पार्क को संगीत पार्क के रूप में उद्यानीकरण व सौंदर्यीकरण के कार्य' का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष महोदय द्वारा परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों को गुणवत्तापूर्वक समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने हेतु निर्देश प्रदान किए गए। फातमान रोड पर स्थित पार्क में वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा 'वाराणसी के कलाकारों को समर्पित एक स्थान का विकास' किया जा रहा है जिसके माध्यम से 'वाराणसी की कलात्मक उपलब्धियों को दर्शाया' जाएगा। ज्ञातव्य है कि यूनेस्को सिटी ऑफ म्यूजिक घोषित हुए वाराणसी ने उस्ताद बिस्मिल्लाह खान जैसे कलाकार विश्व को दिए हैं जिनकी स्मृति में 'शहनाई का विशाल स्कल्पचर' फातमान रोड पार्क में लगाया जाना प्रस्तावित है। साथ ही पार्क में 'वाराणसी के विभिन्न कलाकारों के विषय में इन्फार्मेशन व सूचना साइनेज व पट्ट' लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त पार्क में लोगों के मनोरंजन हेतु एक ऐसे 'सेल्फी पाइंट' का निर्माण किया जाएगा जिसमें ऐसा प्रतीत होगा कि वह मंच पर वाद्य यंत्र के साथ बैठे' हैं। पार्क में 'भारत के 8 प्रमुख शास्त्रीय नृत्य के स्कल्पचर भगवान नटराज की मूर्ति के साथ स्थापित' किए जाएंगे। स्थल निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष महोदय के अतिरिक्त परियोजना वास्तुविद एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 17.12.2024

### वीडीए वीसी ने स्थलीय निरीक्षण कर अधीनस्थों को दिए निर्देश

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने सोमवार को रथयात्रा- गुरुबाग मार्ग के विस्तारीकरण के कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान वीसी द्वारा रथयात्रा- गुरुबाग 18 मीटर मार्ग के विस्तारीकरण में सड़क के मध्य से 09 मीटर के अंतर्गत आने वाले तथा सड़क विस्तार से प्रभावित क्षेत्र में अवैध निर्माण / कब्जे को चिन्हित करते हुये उसे हटाने हेतु विधिक कार्यवाही करने हेतु ज़ोनल अधिकारी को निर्देश प्रदान किए गए।

संदर्भित कार्य के पूर्ण होने से आम जनमानस को इस अति सघन यातायात वाले क्षेत्र में अधिक चौड़ी सड़क का लाभ मिलेगा जिससे यातायात सुगम होगा और लंका बीएचयू की ओर जाने वाले यातायात तीव्र गति से आवागमन होगा तथा क्षेत्र के प्रदूषण इत्यादि के स्तर में भी कमी आयेगी। स्थल निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष के अतिरिक्त ज़ोनल अधिकारी, अवर अभियंता, योजना सलाहकार, वीडीए के अवाप्ति अनुभाग के कर्मचारी एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।